# जिला पंचायत सीओ वेद प्रकाश ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना का लिया जायजा

सिलवासा 20 नवम्बर। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली जिला पंचायत सीओ वेद प्रकाश ने आज जिला पंचायत द्वारा संचालित कई योजनाओं की समीक्षा बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ किया। इसके साथ ही उन्होंने खरडपाडा में बनाये जा रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान का भी साईड निरीक्षण कर इस योजना को तेजी से आगे बढाने पर काम करने का निर्देश दिया। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के जिला पंचायत के सीओ का प्रभार मिलने के बाद जिला पंचायत के कार्यों में तेजी लाने के लिए आज सीओ वेद प्रकाश ने जिला पंचायत के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार की ग्रामीण विकास की योजनाओं तथा जिला पंचायत द्वारा शुरु की गई निर्माण की योजनाओं में तेजी लाने के लिए सभी को मिलकर काम करने पर जोर दिया। पिछले तीन वर्षों से भारत विकास ग्रुप के सहयोग से पीपीपी मॉडल के अधार पर खरडपाडा बनाये जा रहे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान का मौके पर जाकर जायजा लिया और इस परियोजना को जल्दी से शुरु किये जाने पर जोर दिया।

